डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
**Lucknow**

पत्रांक : 27 /SOC/DSMNRU/2024–25, दिनांकः 27 नवम्बर, 2024

# //सूचना//

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु निम्नवत् आयोजन किया जाना है जिसके विभिन्न कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों की भागीदारी अपेक्षित है।

<table>
<tr><th>क्र0सं0</th><th>प्रतियोगिता</th><th>दिनांक</th><th>स्थान</th><th>विषय</th></tr>
<tr><td>01</td><td>वाद–विवाद प्रतियोगिता</td><td>02.12.2024</td><td>ए–1 ब्लॉक, कक्ष सं0–116</td><td>समावेशी शिक्षाः समावेशी समाज की नींव</td></tr>
<tr><td colspan="5">प्रतिभाग हेतु इच्छुक विद्यार्थी डॉ0 पुष्पेन्द्र सिंह एवं डॉ0 डी0बी0 सिंह (ए–1 ब्लॉक, कक्ष सं0–137) के पास दिनांक 30.11.2024 सायं 04:00 बजे तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।</td></tr>
<tr><td>02</td><td>निबन्ध लेखन प्रतियोगिता</td><td>02.12.2024</td><td>ए–2 ब्लॉक, कक्ष सं0–210</td><td>विकलांगता अपूर्णता नहीं है।<br>Disability is not an imperfection</td></tr>
<tr><td colspan="5">प्रतिभाग हेतु इच्छुक विद्यार्थी "विकलांगता अपूर्णता नहीं है" विषय पर अपना मूल लेख (निबन्ध) दिनांक 30.11.2024 को डॉ0 शशि सौरभ (ए–2 ब्लॉक, कक्ष सं0–210) के पास सायं 04:00 बजे तक जमा कर दें।</td></tr>
<tr><td>03</td><td>चित्रकला/पोस्टर प्रतियोगिता</td><td>03.12.2024</td><td>ए–1 ब्लॉक, एट्रियम</td><td>उच्च शिक्षाः डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय</td></tr>
<tr><td colspan="5">प्रतिभाग हेतु इच्छुक विद्यार्थी " उच्च शिक्षाः डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय" विषय पर दिनांक 30.11.2024 को सायं 04:00 बजे तक सुश्री पूजा (विशेष शिक्षक, दृष्टिबाधितार्थ विभाग), डॉ0 फौजदार कुमार एवं सुश्री सुकृति मिश्रा अतिथि व्याख्याता, ललित कला विभाग से संपर्क करें। प्रतियोगिता का समय 10:00 बजे से 11:30 बजे तक ।</td></tr>
<tr><td>04</td><td>रंगोली प्रतियोगिता</td><td>03.12.2024</td><td>ए–1 ब्लॉक, एट्रियम</td><td>दिव्यांगों के सशक्तिकरण</td></tr>
<tr><td colspan="5">प्रतिभाग हेतु इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 03.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक डॉ0 महेश चौधरी (सहायक आचार्य, बौद्धिक अक्षमता विभाग), डॉ0 फौजदार कुमार एवं सुश्री सुकृति मिश्रा अतिथि व्याख्याता, ललित कला विभाग से संपर्क करें। प्रतियोगिता का समय 11:30 बजे से 01:00 बजे तक।</td></tr>
</table>

डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
**Lucknow**

| |
|---|
| नोट :– चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता हेतु विद्यार्थियों को कार्टेज शीट उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अतिरिक्त समस्त सामग्री विद्यार्थी को स्वयं लाना होगा। रंगोली प्रतियोगिता हेतु सामग्री विद्यार्थियों को स्वयं लाना होगा। |

समस्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दिनांक 03.12.2024 को विश्व दिव्यांग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में अटल प्रेक्षागृह में पुरस्कृत किया जायेगा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम–**

विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के सहयोग से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिनमें

(क) एकल नृत्य (ख) समूह नृत्य (ग) एकल गायन (घ) समूह गायन एवं नाटक

इच्छुक विद्यार्थी समस्त कार्यक्रमों हेतु दिनांक 30.11.2024 तक अपना नाम डॉ0 पाचांली सिंह (सह आचार्य, प्रबन्धशास्त्र विभाग), डॉ0 विजेता दुआ (सहायक आचार्य, विधि संकाय) एवं डॉ0 विभा तिवारी (विशेष शिक्षक, बौद्धिक अक्षमता विभाग) के पास पंजीकृत करायें। समस्त पंजीकृत विद्यार्थियों का चयन मुख्य कार्यक्रम हेतु दिनांक 02.12.2024 को डॉ0 पाचांली सिंह (सह आचार्य, प्रबन्धशास्त्र विभाग), डॉ0 विजेता दुआ (सहायक आचार्य, विधि संकाय) एवं डॉ0 विभा तिवारी (विशेष शिक्षक, बौद्धिक अक्षमता विभाग) के सम्मुख दोपहर 01:00 बजे प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर स्थित कान्फ्रेंस हॉल में किया जायेगा। चयनित विद्यार्थियों को मुख्य कार्यक्रम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में चुने जाने पर प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जायेगा।

**(प्रो0 पी0 राजीवनयन)**
अध्यक्ष
स्थायी आयोजन समिति

**पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**
प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. सिस्टम एनालिस्ट को इस अनुरोध के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

P. Raju

**(प्रो0 पी0 राजीवनयन)**
अध्यक्ष
स्थायी आयोजन समिति